रजिस्ट्री संख्या डी. एल.—33001/94

REGISTERED NO. DL-33001/94

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 40] नई दिल्ली, शनिवार, अक्तूबर 1, 1994/आश्विन 9, 1916

No. 40] NEW DELHI, SATURDAY, OCTOBER 1, 1994/ASVINA 9, 1916

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

## भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
## PART II—Section 3—Sub-section (i)

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों (संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाए और जारी किये गये साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उपनियम आदि सम्मिलित हैं)

**General Statutory Rules (including Orders, Bye-laws etc. of a general Character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administration of Union Territories)**

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो

नई दिल्ली, 6 सितम्बर, 1994

सा. का. नि. 480 :—आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 24 की उपधारा (2) और (8) तथा स्वापक औषध एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 36-सी में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा श्री पी. एन. प्रकाश को मद्रास में एन. डी. पी. एस. की विशेष अदालतों के समक्ष उन मामलों के संचालन हेतु अतिरिक्त लोक अभियोजक नियुक्त करती है जिनमें मई, 1994 में इजगाइल में 2.5 टन हशीश जब्त की गई थी तथा इसमें अन्तर्ग्रस्त कुछ व्यक्तियों को एन. सी. बी. मद्रास के दक्षिणी क्षेत्रीय एकक द्वारा मद्रास में गिरफ्तार किया गया था। श्री पी. एन. प्रकाश पर निम्नलिखित शर्तें एवं निबंधन लागू होंगे :—

| | |
|---|---|
| 1. ड्राफ्टिंग कम्पलेंट हेतु शुल्क | 150 रु. प्रति मामला |
| 2. प्रभावी सुनवाई हेतु शुल्क (रिमांड हेतु अनुरोध के साथ अभियुक्त को प्रस्तुत करना, अभियुक्त के और आगे रिमांड हेतु प्रार्थना करना और अभियोजन के दौरान सुनवाई के अतिरिक्त जमानत की अर्जी का विरोध करना। प्रत्येक अवसर पर सुनवाई को पृथक समझा जाएगा। | (क) 175/- रु. प्रति सत्र, अर्थात पूर्वाह्न अथवा अपराह्न<br>(ख) 350/- रु. यदि प्रभावी सुनवाई पूर्वाह्न और अपराह्न दोनों समय होती है। |
| 3. अप्रभावी सुनवाई हेतु | 150/- रु. प्रतिदिन |
| 4. सम्मेलन शुल्क | 30/- रु. प्रति सम्मेलन अधिकतम 3 सम्मेलन तक। |

अन्य निबंधन एवं शर्तें :—

(क) काउंसल को कोई प्रतिधारण शुल्क मासिक पारिश्रमिक शुल्क नहीं दिया जाएगा।

(ख) नियुक्त काउंसिल अपनी अवधि के दौरान सीमा शुल्क, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग/भारत के



2133 GI/94—1

MINISTRY OF POWER

(Central Electricity Board)

New Delhi, the 19th September, 1994

G.S.R. 489.—The following draft of certain rules further ito amend the Indian Electricity Rules, 1956 which he Central Electricity Board proposes to make, in exercise of the powers conferred by section 37 of the Indian Electricity Act, 1910 (9 of 1910), is hereby published as required by sub-section (1) of Section 38 of the said Act, for the information of all persons likely to be affected thereby and notice is hereby given that the said draft shall be taken into consideration on or after the expiry of ninety days from the date of publication of this notification in the official Gazette.

Any objections or suggestions which may be received from any person with respect to the said draft, before the expiry of the aforesaid period of ninety days, shall be considered by the Central Electricity Board.

Objections or suggestions, if any, may be sent to the Secretary, Central Electricity Board, S-907, Sewa Bhawan, R.K. Puram, New Delhi-110066.

DRAFT RULES

1. These rules may be called the Indian Electricity (Amendment) Rules, 1994.

2. In the Indian Electricity Rules, 1956,—

(1) after rule 47, the following rule shall be inserted, namely :—

"47A Installation and Testing of Generating Units :

Where any consumer of occupier installs a generating plant, he shall give a thirty days' notice of his intention to commission the plant to the supplier as well as the Inspector :

Provided that no consumer or occupier shall commission his generating plant of a capacity exceeding 10 KW without the approval in writing of the Inspector.";

(i) In rule 50,—

(a) in sub-rule (1)—

(i) in clause (a), for the words "are placed as near as possible to, but", the words "are placed" shall be substituted.:

(ii) after clause (f), the following clause shall be inserted, namely :—

(b) all installations having electric motor and other reactive loads with a combined rating of 5 KW and above shall be provided with suitable capacitors or devices on such date, not later than three years from the coming into of the Indian Electricity (Amendment) Rules, 1994, as the appropriate Government may, by notification in the Official Gazette, specify, so as not to have a power factor less than 0.90 at the rated output";

(b) in sub-rule (2), for the words "consumer or the owner", the words "consumer, supplier or the owner" shall be substituted;

(3) in rule 57, to sub-rule 1, the following proviso shall be added, namely :—

"Provided that for extra high voltage consumers the limit of error shall be ±1 per cent.";

(4) in rule 61A, for the figure and letters "5KW", the figure and letters "2KW" shall be substituted;

(5) in rule 64, in sub-rule (2), in clause (a), fo sub-clause (ii), the following shall be substituted, namely :—

"(ii) the following minimum clearance shall be maintained for bare conductors or live parts of any apparatus in out-door sub-stations, excluding over-head lines, of HV and EHV installations :—

| Voltage Class | Ground Clearance (Metres) | Sectional Clearance (Metres) |
|---|---|---|
| Not exceeding 11 KV | 2.44 | 2 6 |
| Not exceeding 33 KV | 2.44 | 2 8 |
| Not exceeding 66 KV | 2.44 | 3 0 |
| Not exceeding 132 KV | 2.44 | 3 5 |
| Not exceeding 220 KV | 2.44 | 4 3 |
| Not exceeding 400 KV | 2.44 | 6.5". |

[No. CEB/PP-31/94]

B.M. REDDY, Secy.

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली, 17 अगस्त, 1994

सा. का. नि. 490:—संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राष्ट्रपति, दूरदर्शन कार्यक्रम (तकनीकी-कैमरा) समूह "क" एवं समूह "ख" भर्ती नियम, 1987 में और संशोधन हेतु निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

1. (1) इन नियमों का नाम दूरदर्शन कार्यक्रम (तकनीकी-कैमरा) समूह "क" एवं समूह "ख" भर्ती (संशोधन) नियम, 1994 है।

(2) ये सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किए जाने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2 दूरदर्शन कार्यक्रम (तकनीकी-कैमरा) समूह "क" एवं "ख" भर्ती नियम, 1987 की अनुसूची में कैमरामैन ग्रेड--II के पद के सामने :—

(क) कालम—4 में प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :— "2000-60-2300-द. रो.-75-3200"

(ख) कालम—8 में प्रविष्टि के स्थान पर निम्नलिखित प्रविष्टि प्रतिस्थापित की जाएगी अर्थात् :—

"आवश्यक :

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से चलचित्रकी में डिप्लोमा या डिग्री या समतुल्य।

अथवा

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से अनुप्रयुक्त वीडियोग्राफी में डिप्लोमा या समतुल्य।

वांछनीय :—

चलचित्र फोटोग्राफी में दो वर्ष का अनुभव।

टिप्पणी 1:—अन्यथा योग्य उम्मीदवारों के मामले में संघ लोक सेवा आयोग को अर्हताओं को शिथिल करने का अधिकार है।

टिप्पणी 2.—संघ लोक सेवा आयोग के विवेकानुसार, अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में अनुभव संबंधी अर्हताएं तब शिथिल की जा सकती है, जब चयन के किसी चरण में संघ लोक सेवा आयोग का यह मत हो कि इन समुदायों के लिए आरक्षित रिक्तियों को भरने के लिए अपेक्षित अनुभव रखने वाले इन समुदायों के पर्याप्त संख्या में उम्मीदवार उपलब्ध होने की संभावना नहीं है"।

[संख्या 501/5/91—टी. वी. (ए)]
श्यामालिमा बनर्जी, अवर सचिव

पाद टिप्पणी :—दूरदर्शन कार्यक्रम समूह "क" तथा "ख" भर्ती नियम, 1987 भारत के राजपत्र में सा. का. नि. संख्या 909 दिनांक 5-12-87 के अंतर्गत प्रकाशित हुए थे।

## MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

New Delhi, the 17th August, 1994

G.S.R. 490.—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution, the President hereby makes the following rules further to amend the Doordarshan Programme (Technical-Camera) Group 'A' and Group 'B' Recruitment Rules, 1987, namely :—

1. (1) These rules may be called the Doordarshan Programme (Technical-Camera) Group 'A' and Group 'B' Recruitment (Amendment) Rules, 1994.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the Schedule to the Doordarshan Programme (Technical Camera) Group 'A' and Group 'B' Recruitment Rules, 1987, against the post of Cameraman Grade II :—

(a) in column 4, for the entry, the following entry shall be substituted, namely :—

"Rs. 2000-60-2300-EB-75-3200";

(b) in column 8, for the entry, the following entry shall be substituted, namely .—

"Essential :

Diploma or degree in Cinematography from a recognised University or equivalent;

OR

Diploma in Applied Videography from a recognised University or equivalent.

Desirable : —
Two years' experience in motion picture photography.

NOTE I.—Qualification are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidates otherwise well qualified.

NOTE II.—Qualification(s) regarding experience is|are relaxable at the discretion of the Union Public Service Commission in the case of candidate belonging to Schedule Caste or Schedule Tribes, if at any stage of selection the Union Public Service Commission is of the opinion that sufficient number of candidates from these communities possessing the requisite experience are not likely to be available to fill up the vacancy reserved for them".

[No. 501|5|91-TV(A)]
SHYAMALIMA BANERJEE, Under Secy.

FOOT NOTE.—The Doordarshan Programme Group 'A' and Group 'B' Recruitment Rules, 1987 were published in the Gazette of India under GSR No. 909, dt. 5-12-1987.

## नागर विमानन और पर्यटन मंत्रालय

(नागर विमानन विभाग)

नई दिल्ली, 9 सितम्बर, 1994

सा.का.नि. 491.—राष्ट्रपति संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1993 का संशोधन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते है, अर्थात् :—

(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (समूह 'ग' पद) भर्ती (संशोधन) नियम, 1994 है।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।